हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई।
- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र को सार्थक बताया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक का पारित होना न्याय और पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समाज के खिलाफ नहीं है।
- हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वक्फ संशोधन विधेयक को सबके हित में बताया है।
- गुजरात के जामनगर में विमान के क्रैश होने से शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया।

********

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया जो इस वर्ष 31 जनवरी को शुरू हुआ था।अपने समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान सदन में 118 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।उन्होंने

कहा कि इस सत्र में 26 बैठक हुई तथा कुल उत्पादकता 118 प्रतिशत से अधिक रही। केंद्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए।

*******

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संपन्न हुए बजट सत्र को बहुत ही सार्थक बताया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान एक बार भी कार्यवाही बाधित नहीं हुई और संसदीय इतिहास में किसी मुद्दे पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई। श्री रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 14 विधेयक पारित हुए।

*********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।गृहमंत्री अमित शाह ने संसद द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दिए जाने को ऐतिहासिक बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि इससे वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार का अंत हुआ है और न्याय तथा समानता का युग शुरू हुआ है।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वक्फ संशोधन बिल पारित होने पर कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समाज के खिलाफ नहीं है। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा -
सी एम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशस्य करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की और अग्रसर है।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग भी कांग्रेस से ख़फ़ा हैं।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वक्फ संशोधन विधेयक को सब के हिट में बताया है।आज अम्बाला शहर में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा -

रणबीर गंगवा

हिसार में हवाईअड्डे की दीवार से सम्बन्धित पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह दीवार डिजाईन अनुरूप विभाग के इंजिनियर की देखरेख में स्तम्भ पर बनाई गई है और उसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ने स्वीकृति दी है । उन्होंने कहा कि सुरजेवाला को इस तरह के बयान देने से पहले तथ्यों की जानकारी लेनी चाहिए।आज की बैठक में 12 शिकायतों को सुना गए , जिनमें

से 8 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

*********

भारतीय जनता पार्टी ने आज कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पूरी तरह से संविधान के अनुसार पारित हुआ है। इस विधेयक को अदालत में चुनौती देने के कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि किसी को अदालत में जाने से कोई नहीं रोक रहा है।उन्होंने कहा कि ये जो वक्फ संशोधन बिल है, यह बिलकुल संविधान संमत है। संविधान के मौलिक अधिकार की धारा 15 में इस बात का प्रावधान है कि महिलाओं के विकास के लिए, पिछड़े समाज के विकास के लिए सरकार कानून बना सकती है।इससे पहले, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह विधेयक संविधान के आधारभूत मूल्यों का उल्लंघन करता है।

***********

दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार का आज निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता और महान अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

*********

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने गांव यारा में केशव के परिजनों की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों द्वारा डराने, धमकाने, नकदी जेवरात हथियाने के मामले में शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने वाले शाहबाद थाना के एसएचओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। आज कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं

कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा -

राजेश नागर

उन्होंने कहा कि इसके बाद इस मामले की जांच सीआईए-टू करेगी। इसके अलावा शाहबाद के उप मंडलीय दंडाधिकारी और सहायक पुलिस अधीक्षक भी इस मामले में विशेष जांच करेंगे। राज्यमंत्री ने केशव की सुरक्षा के लिए कुछ समय के लिए पुलिस कर्मी उपलब्ध करवाने के आदेश भी दिए है।राज्यमंत्री राजेश नागर ने इस बैठक में 5 पुरानी शिकायतों में से 3 शिकायतों और 12 नई शिकायतों में 11 शिकायतों का मौके पर समाधान किया। इस प्रकार कुल 17 में से 14 शिकायतों का निपटारा किया गया है।

*********

गुजरात के जामनगर में 2 अप्रैल को भारतीय वायुसेना के जगुआर लड़ाकू विमान के क्रैश होने से शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का अंतिम संस्कार आज रेवाड़ी जिले स्थित उनके पैतृक गावं भालकी माजरा में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके पिता पूर्व सैनिक सुशील यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार से पहले वायुसेना व स्थानीय प्रशासन के अधिकारीयों व ग्रामवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सिद्धार्थ यादव अपने पीछे माता पिता और एक छोटी बहन छोड़ गए है।

**********

टी बी उन्मुक्त भारत करने के लिए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की मुहिम जारी है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा द्वारा पंचकूला जिले से शुरू किया गया 100 दिन का टी बी उन्मूलन अभियान 24 मार्च को पूरा हो गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक ( टीबी ) ब्रहमदीप सिंह ने बताया–

ब्रह्मदीप सिंह-ए

उन्होंने कहा कि निश्चय पोषण योजना के तहत 1000 रुपए के हिसाब से 52 हजार लोगो को राशि दी जा चुकी है। निश्चय मित्र योजना के तहत 15 हजार लोगो को निश्च मित्र किट भी दी गई है। तथा इसी दिशा में भारत सरकार ने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया है उन्होंने कहा कि सब के प्रयास से टी बी के खिलाफ जंग अवश्य जीती जाएगी।